तुमसे मिलना खाटू आना बड़ा अच्छा लगता है | By Ritesh Manocha

तुमसे मिलने खाटू आना बड़ा अच्छा लगता है
तू रहे मैं रहूं, तू कहे मैं कहूं उम्र भर
बड़ा अच्छा लगता है ....

आये ग्यारस की जो रात करने तुमसे मुलाक़ात
दौड़ा आऊं सांवरे मैं तो प्रेमियों के साथ
कोई प्रेम वाली डोर खींचे मुझको तेरी और
दिल पे चलता ना कोई जोर मेरा सांवरिया चितचोर
तू रहे मैं रहूं, तू कहे मैं कहूं उम्र भर
बड़ा अच्छा लगता है ....

सुख हो दु:ख हो मेरे श्याम , दौड़ा आऊं खाटू धाम
लेके बाबा तेरा नाम मेरा चलता है हर काम
तेरी चर्चा तेरे गीत लेते दिल को मेरे जीत
बन गया तू मेरा मनमीत हो गयी तेरी मेरी प्रीत
तू रहे मैं रहूं, तू कहे मैं कहूं उम्र भर
बड़ा अच्छा लगता है ....

मेरा झूमे अंग अंग रहता तू तो मेरे संग
छाई रहती है उमंग मुझपे चढ़ गया तेरा रंग
जबसे पाया तेरा दर न कोई चिंता ना फिकर
रखता तू मेरी खबर रोमी को फिर कैसा डर
तू रहे मैं रहूं, तू कहे मैं कहूं उम्र भर
बड़ा अच्छा लगता है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%b2%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%86%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a4%be/